Stepping Stone School (High)
Class:- III
Sub:- 2nd Lang (Hindi)
Worksheet No. (14)
Date:- 01/06/2020 Time :- 30 mins.

संज्ञा (Noun)

किसी व्यक्ति, प्राणी, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को संज्ञा कहते है। जैसे:-

- व्यक्तियों के नाम:- शोभा, रमेश, सचिन आदि।
- पशु-पक्षियों के नाम:- हाथी, खरगोश, मोर आदि।
- फल और सब्जियों के नाम:- पपीता, लौकी, आलू आदि।
- वस्तुओं के नाम:- कुर्सी, मेज़, बोतल आदि।
- स्थानों के नाम:- दिल्ली, चिड़ियाघर, मंदिर आदि।
- भावों के नाम:- प्रसन्नता, मिठास, बचपन आदि।

संज्ञा के भेद - व्यक्तिवाचक संज्ञा, जातिवाचक संज्ञा, भाववाचक संज्ञा

(i) व्यक्तिवाचक संज्ञा (Proper Noun) → जिस संज्ञा शब्द से किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान का बोध होता है, उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं, जैसे:- रामायण, ताजमहल, कोलकाता, सुभाष चंद्र आदि

(ii) जातिवाचक संज्ञा (Common Noun) → जिस संज्ञा शब्द से एक ही जैसे प्राणियों, वस्तुओं या स्थान का बोध हो, उसे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं।
जैसे:- मोर, बच्चा, पर्वत, लड़की, गाय आदि।

(iii) भाववाचक संज्ञा (Abstract Noun) → जिस संज्ञा शब्द से किसी वस्तु, स्थान या व्यक्ति के गुण, दशा, अवस्था या भाव का बोध हो, उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे:- शीतलता, बचपन, गर्मी, बुढ़ापा, सुंदरता, अच्छाई, कोमलता आदि।

भाववाचक संज्ञा जातिवाचक संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रिया से बनती हैं।

(बच्चों, आपको इसे देखकर उतारना है और याद भी करना है।)

Scanned with CamScanner